बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग

प्र०–11/प्राक्क०–06–38/2025 पटना, दिनांक :–

सेवा में,

अनौपचारिक रूप से परामर्शित

महालेखाकार बिहार,
पटना।

द्वारा :– वित्त विभाग।

विषयः– मीठापुर महुली एलिवेटेड पथ से 2–लेन डाउन रैम्प एवं परसा–सम्पत्तचक पथ संरेखण में 2–लेन एट–ग्रेड पथ का निर्माण कार्य हेतु कुल राशि ₹8225.77 लाख (रुपये बयासी करोड पच्चीस लाख सतहत्तर हजार) मात्र की अनुमानित लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति।

आदेशः– मीठापुर महुली एलिवेटेड पथ से 2–लेन डाउन रैम्प एवं परसा–सम्पत्तचक पथ संरेखण में 2–लेन एट–ग्रेड पथ का निर्माण कार्य हेतु कुल राशि ₹8225.77 लाख (रुपये बयासी करोड़ पच्चीस लाख सतहत्तर हजार) मात्र की अनुमानित लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. विषयगत कार्य की निविदा प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् सम्पादित किया जाएगा। अन्य विभागों से अधिग्रहित पथों के मामले में पथ का विधिवत हस्तानान्तरण के पश्चात् तथा यदि किसी पथ/पथांश से संबंधित विभाग द्वारा कार्य कराया गया है तो उसके DLP के बाद ही कार्य कराया जाय।

3. विषयांकित योजना का बजट व्यय शीर्ष "5054–सडकों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय – 03– राज्य राजमार्ग–337–सड़क निर्माण कार्य–0102 वृहद सड़कें मत्तदेय" विपत्र कोड 41–5054033370102 एवं बजट व्यय शीर्ष "5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय – 03– राज्य राजमार्ग–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना–0101 वृहद सड़कें मत्तदेय" विपत्र कोड 41–5054037890101 के अन्तर्गत विकलनीय होगी।

4. विषयगत कार्य के कार्यान्व्यन में वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या–653, दिनांक–25.01.2016 का अनुपालन किया जाएगा।

5. विषयगत कार्य के कार्यान्व्यन बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना द्वारा कराया जायेगा। विषयगत कार्यो हेतु अवर सचिव– सह –निकासी– एवं व्ययन पदाधिकारी (लेखा) पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना कार्य के निमित्त निकासी पदाधिकारी, होगें जो राशि की निकासी कर मुख्य महाप्रबन्धक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना को उपलब्ध करायेंगे एवं वे राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, नेहरू पथ पटना से करेंगे। मुख्य महाप्रबन्धक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना द्वारा निर्दिष्ट उप महाप्रबन्धक (तक०) विषयगत कार्य के निमित्त व्ययन पदाधिकारी होगें।

6. विषयगत कार्य को पूरा करने के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किया जाता है :–

वर्ष	बजट व्यय शीर्ष		वित्तीय लक्ष्य (लाख रू० में)	भौतिक लक्ष्य
	विपत्र कोड **41- 5054033370102**	विपत्र कोड **41- 5054037890101**		
2026-27	4606.4312	1151.6078	5758.039	70 % कार्य पूर्ण करना।
2027-28	1974.1848	493.5462	2467.731	सभी कार्य पूर्ण करना।
कुल	**6580.616**	**1645.154**	**8225.77**	

7. मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना एवं मुख्य महाप्रबन्धक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना विषयगत कार्य की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करेंगें।

8. इसकी सूचना अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन/मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य महाप्रबन्धक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना को दे दी जाय।

9. प्रस्ताव पर लोक वित्त समिति की अनुशंसा प्राप्त है।

10. वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या–12888, दिनांक–03.12.2024 के आलोक में प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दिनांक–30.09.2026 को मद संख्या –13 के रूप में प्राप्त है।

11. प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका के पृ०–37/टि० पर दिनांक–05.10.2026 को प्राप्त है।

ह०/-
(दीपेश कुमार),
संयुक्त सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं:– प्र०–11/प्राक्क०–06–38/2025 पटना, दिनांक :–

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह०/-
(दीपेश कुमार),
संयुक्त सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं:– प्र०–11 / प्राक्क०–06–38 / 2025 पटना, दिनांक :–

प्रतिलिपि :–वित्त विभाग (आय–व्ययक शाखा), पटना / मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार, पटना / प्रमंडलीय आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना / जिला पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह०/-

(दीपेश कुमार),
संयुक्त सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं:– प्र०–11 / प्राक्क०–06–38 / 2025 पटना, दिनांक :–

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन / मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य महाप्रबन्धक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / अवर सचिव (लेखा), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

2. विषयगत कार्य की निविदा विस्तृत प्राक्कलन की समेकित जॉचोपरान्त तकनीकी स्वीकृति मुख्य महाप्रबन्धक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग से प्राप्त होने के पश्चात् ही सम्पादित किया जाय।

3. मुख्य महाप्रबन्धक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना विषयगत कार्य की मासिक वित्तीय एवं भौतिक प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से अभियंता प्रमुख, (कार्य प्रबंधन / मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

ह०/-

(दीपेश कुमार),
संयुक्त सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं:– प्र०–11 / प्राक्क०–06–38 / 2025 पटना, दिनांक :–

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / आंतरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग / संयुक्त सचिव (प्र०को०), पथ निर्माण विभाग / सचिव (प्रावैधिक) अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता (बजट एवं योजना), पथ निर्माण विभाग / सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ / अभियंता प्रमुख (मु०) पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ / अधीक्षण अभियंता (नाबार्ड, बाह्य सम्पोषित, NH, ROB) / अधीक्षण अभियंता (योजना), पथ निर्माण विभाग / कार्यपालक अभियंता (योजना–1), पथ निर्माण विभाग / कार्यपालक अभियंता (यॉत्रिक) बजट, पथ निर्माण विभाग / प्रशाखा पदाधिकारी, आय–व्ययक प्रशाखा–9 / प्रशाखा–11 पथ निर्माण विभाग, पटना / मीशु मनीषा कुमारी, पी०एम०यु० लीड, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह०/-

(दीपेश कुमार),
संयुक्त सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं:– प्र०–11 / प्राक्क०–06–38 / 2025 7311 (S) पटना, दिनांक :– 09/10/26

प्रतिलिपि :– आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

08.10.2026

(दीपेश कुमार),
संयुक्त सचिव (प्र०को०),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।